भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2019**

06 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र**

2019. श्री के. गोपीनाथ:
डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में जिला-वार कुल कितने आयुष संपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र हैं;
(ख) तमिलनाडु में ऐसे कुल कितने केन्द्र कार्यशील हैं और कितने कार्यशील नहीं हैं; और
(ग) उक्त केन्द्रों पर कुल कितने कार्मिक कार्यरत हैं?

**<u>उत्तर</u>**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, 650 आयुष औषधालयों को आयुष संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों के रूप में उन्नयन के लिए स्वीकृति दी गई है, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के नाम से जाना जाता है। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सभी 650 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कार्यशील हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की जिला-वार सूची **संलग्नक** पर दी गई है।

(ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए इन सुविधाओं में कर्मियों की तैनाती करना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है और मंत्रालय द्वारा ऐसा कोई आंकड़ा नहीं रखा जाता है।

*****

**<u>संलग्नक</u>**

**तमिलनाडु राज्य में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, स्वीकृत और संचालित/कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | जिले का नाम | स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या | कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **तमिलनाडु** | कोयंबटूर | 25 | 25 |
| 2 | | रामनाथपुरम | 16 | 16 |
| 3 | | शिवगंगा | 21 | 21 |
| 4 | | तंजावुर | 22 | 22 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | | कांचीपुरम | 8 | 8 |
| 6 | | चेंगलपेट | 9 | 9 |
| 7 | | तिरुवल्लुर | 19 | 19 |
| 8 | | विरुधुनगर | 34 | 34 |
| 9 | | धर्मपुरी | 20 | 20 |
| 10 | | इरोड | 34 | 34 |
| 11 | | वेल्लोर | 11 | 11 |
| 12 | | मदुरै | 23 | 23 |
| 13 | | थेनी | 14 | 14 |
| 14 | | नीलगिरी | 6 | 6 |
| 15 | | नागपट्टिनम | 12 | 12 |
| 16 | | विल्लुपुरम | 18 | 18 |
| 17 | | सेलम | 37 | 37 |
| 18 | | तिरुनेलवेली | 17 | 17 |
| 19 | | कुड्डालोर | 18 | 18 |
| 20 | | त्रिची | 22 | 22 |
| 21 | | करूर | 12 | 12 |
| 22 | | अरियालूर | 7 | 7 |
| 23 | | पुडुकोट्टई | 14 | 14 |
| 24 | | डिंडीगुल | 24 | 24 |
| 25 | | कन्याकुमारी | 25 | 25 |
| 26 | | तेनकासी | 21 | 21 |
| 27 | | थिरुवरुर | 19 | 19 |
| 28 | | थिरुवन्नमलाई | 25 | 25 |
| 29 | | कल्लाकुरिची | 13 | 13 |
| 30 | | कृष्णागिरी | 13 | 13 |
| 31 | | मयिलादुदुरई | 16 | 16 |
| 32 | | नम्मक्कल | 13 | 13 |
| 33 | | पेरम्बलूर | 4 | 4 |
| 34 | | रानीपेट | 11 | 11 |
| 35 | | तिरूपत्तूर | 8 | 8 |
| 36 | | तुतुकुड़ी | 27 | 27 |
| 37 | | तिरुपूर | 12 | 12 |
| **कुल** | | | **650** | **650** |